RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

जैसे-तैसे थे भरे, ये गड्ढे सरकार।
फिर से खाली कर गई, पानी की बौछार।
पानी की बौछार, कर गई फिर से खाली।
सड़कें आई निकल, वही फिर गड्ढों वाली।
कह साहिल कविराय, जरा मिल जायें पैसे।
दोबारा से इन्हें, भरेंगे जैसे-तैसे।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 15 | MONDAY 26-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मोहब्बत की तरह राजनीति में भी सब जायज, पंजाब फाइनेंस विभाग के लोकल ऑडिट में रिश्वत लेकर पोस्टिंग मिलने का मामला चर्चाओं में

चंडीगढ़/जीरकपुर/यूटर्न/25 जनवरी। कहते हैं न कि मोहब्बत और जंग में सब कुछ जायज होता है, उसी तरह राजनीति में भी सब कुछ जायज है। दरअसल, राजनीति एक ऐसी चींज है जिसमें परिवार आपस में झगड़ते देखें जा सकते हैं। जब कोई पार्टी सत्ता में होती है तो कार्यकाल सही चलते हुए आखिरी समय में कोई न कोई ऐसे अनोखे मामले सामने आते हैं, जो एक बार सभी को सोच में डाल देते हैं। इसी तरह अब आप सरकार के भी चार साल पूरे हो चुके हैं और आखिरी साल बचा है। लेकिन इस चुनावी साल के समय में एक पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें फाइनेंस विभाग, पंजाब के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट में रिश्वत देकर पोस्टिंग व एडजस्टमेंट करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह पत्र तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने पर राज्य की जनता को एक बार सोच में डाल दिया है। इस पत्र में सरेआम फाइनेंस विभाग के डायरेक्टर की ईमेल आईडी का गलत इस्तेमाल होने के आरोप लगे हैं। अब इस पत्र में कितनी सच्चाई है, यह तो कोई बता नहीं सकता। जबकि यह किसी शरारती तत्व की और से पार्टी को बदनाम करने का प्रयास भी हो सकता है। लेकिन कुल मिलाकर आप सरकार को इस मामले में संज्ञान लेकर सच जानने की जरुरत है। ताकि सरकार पहले की तरह अपने दामन को साफ रख सके।



**एक लाख दो और लोकल ऑडिट में जहां मर्जी पोस्टिंग करवाओ...**इस वायरल हो रहे पत्र में फाइनेंस विभाग को लेकर काफी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पत्र मुताबिक फाइनेंस विभाग के लोकल ऑडिट डिपार्टमेंट में रिश्वत देकर जहां मर्जी पोस्टिंग लेने और एडजस्टमेंट के आरोप लगाए गए हैं। जिसमें एक लाख रुपए प्रति मुलाजिम लिए जा रहे हैं। यहां तक कि कई मुलाजिमों को 2 से 3 एडिशनल चार्ज भी दिए जा रहे हैं।

**एक अधिकारी पर खुलेआम रिश्वत का खेल करने के आरोप...**आरोप है कि डिपार्टमेंट के एक अधिकारी द्वारा खुलेआम रिश्वत का खेल किया जा रहा है। उक्त अधिकारी की एक महीने बाद रिटायर्मेंट है। जिसके चलते वह जमकर कमाई करने में लगा है। वह अधिकारी लोकल ऑडिटर एग्जामिनर है। जिसे अधीन पूरे पंजाब के लोकल ऑडिटर होते हैं। उसकी और से डीएसएफए और एसीएफए से एक लाख रुपए रिश्वत लेकर उन्हें लोकल ऑडिट में कई एडिशनल चार्ज देकर कमाई करवाई जा रही है। हालांकि कई मुलाजिम तो ऐसे हैं, जिन्होंने लोकल ऑडिट का पेपर भी नहीं दे रखा। मगर फिर भी वे तैनात कर दिए गए हैं। यहां तक कि एक ऑडिटर द्वारा भी इसी तरह चार्ज लिया गया है।

**डायरेक्टर की ईमेल का गलत इस्तेमाल...**वहीं चर्चा है कि इस पूरे खेल में फाइनेंस विभाग के डायरेक्टर की ईमेल आईडी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्हें बिना बताए उनकी आईडी के जरिए यह तबादले किए जा रहे हैं। हालांकि इन एडजस्टमेंट्स की फाइलों को डायरेक्टर, सेक्रेटरी और मंत्री द्वारा भी पास किया जा रहा है।



Uturn Time 26 Jan 2026_Layout 2 25-01-2026 23:21 Page 2






# निगम एसई की 10% कमीशन मामले के बाद अब ठेकेदारों की 3% कमीशन का खुलासा होने पर मचा हड़कंप







लुधियाना/यूटर्न/25 जनवरी। लुधियाना कारपोरेशन में नगर निगम के एसई द्वारा 10 प्रतिशत कमीशन मामले के बाद अब ठेकेदारों की तीन प्रतिशत कमीशन का खुलासा होने के बाद हड़कंप मच गया है। चर्चा है कि निगम के 135 करोड़ के सड़कों के टेंडरों में चहेते ठेकेदारों को अवैध तरीके से टेंडर दिलाने के लिए निगम जोन-बी के एक सीनियर अधिकारी द्वारा बिचौलिए का रोल अदा किया जा रहा है, जबकि कई राजनेता और अफसर इसमें शामिल बताए जाते हैं। यह पूरा खेल तीन प्रतिशत कमीशन मिलने के चक्कर में हो रहा है। हालांकि इस मामले का खुलासा होने के बाद रविवार को पूरा दिन शहर में चर्चा रही। इस हेरफेर में शामिल राजनेताओं, ठेकेदारों और अफसरों को अपनी पोल खुलती नजर आने पर उनमें हड़कंप का माहौल रहा। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद वह एक दूसरे को कॉल करके पता लगाते रहे कि आखिर यह मामला उजागर कैसे हुआ। सभी एक दूसरे पर जानकारी लीक करने का आरोप लगाते नजर आए। हालांकि इस कमीशन का खुलासा होने पर कई ठेकेदार तो शहरवासियों को फोन करके मामला शांत करने का भी प्रयास करते नजर आए।

## राजनेताओं और अफसरों को पड़ा अपना पाला

पंजाब की मान सरकार के सीएम भगवंत मान की भ्रष्टाचार पर दो टुक है कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि मान सरकार द्वारा भ्रष्टाचार में शामिल अपने ही कई विधायकों को जेल भी भेज चुकी हैं। वहीं इन टेंडरों में कमीशन के खेल में शामिल राजनेताओं और अफसरों को अपना पाला पड़ गया है। क्योंकि यह बात अब लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा तक पहुंच चुकी है। ऐसे में अब राजनेताओं और अफसरों को डर है कि कहीं उन पर शिकंजा न कस दिया जाए। जिसके चलते वह मामले से गुरेज करते नजर आए।

## शांति से की सेटिंग, फिर शोर किसने डाला

वहीं चर्चा है कि इस टेंडर खेल में शामिल सीनियर अफसर व कुछ अन्य अधिकारियों द्वारा अभी यहीं पता लगाया जा रहा है कि आखिर इस मामले का शोर किसने डाला। जबकि उनकी तरफ से काफी शांति व साफ तरीके से पूरी सेटिंग करके प्लान को अंजाम दिया जा रहा था। फिर आखिर पता कैसे लग गया।

## मंत्री पर टिकी शहरवासियों की नजर

वहीं अब सभी शहरवासियों की नजर मंत्री संजीव अरोड़ा पर है। यह मामला उनके दरबार में पहुंच चुका है। अब देखना होगा कि खुद की साफ छवि की तरह क्या वे



शहर के निगम विभाग को स्वच्छ कर काली भेड़ों को बाहर कर पाएंगे या नहीं। मान सरकार की तरह मंत्री अरोड़ा ईमानदार जाने जाते हैं। अब देखना होगा कि ईमानदार मंत्री कैसे भ्रष्टाचारियों पर नुकेल डालते हैं। हालांकि मंत्री के पास मामले पहुंचने पर हेरफेर करने वालों को हाथों पैरों की पड़ गई है। चर्चा है कि अब वह यह सोच रहे हैं कि गलत तो कर दिया अब उसे सही कैसे किया जाए।

## निगम के कई ठेकेदार बौखलाए

वहीं रविवार को निगम के कई ठेकेदार खुद ही लोगों को फोन करके अन्य ठेकेदारों के दस्तावेज टेंडर के लिए जमा कराने की बात कहते नजर आए। जबकि उनकी तरफ से पूरा मामला साफ व स्वच्छ बताया जाता रहा। यहां तक कि वे इस घोटाले की खबर प्रकाशित होने से इतना बौखला गए कि खुद ही टेंडर में शामिल अधिकारियों के नाम उगलते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि खबर में न तो किसी अधिकारी, ठेकेदार व राजनेता का नाम लिखा गया। मगर कुछ ठेकेदार खुद ही फोन करके उनके नाम लेते रहे। जिससे साफ जाहिर है कि इन टेंडरों में कहीं न कहीं हेरफेर जरुर है।

## यह है पूरा मामला

दरअसल, निगम द्वारा सड़कें बनाने के लिए 135 करोड़ के 20 टेंडर लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि इस मामले में बीड करने वाले ज्यादातर ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे नहीं है। जिसके चलते निगम जोन-बी के एक उच्च अधिकारी द्वारा राजनेताओं और अन्य अफसरों के साथ मिलकर जिन ठेकेदारों के दस्तावेज पूरे नहीं है उन्हें जबरन टेंडर दिलाए जाएंगे और चहेते ठेकेदारों को टेंडर देने का प्लान बनाया है। ऐसे में उनकी तरफ से सही ठेकेदारों को बीड से बाहर भी कर डाला गया। जिस संबंधी लोकल बॉडी विभाग को नोटिस भी भेजा गया है। इस पूरे मामले में तीन प्रतिशन कमीशन फिक्स होने की चर्चा है।

# क्राइम ब्रांच कमिश्नरेट लुधियाना द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी काबू



नवीन गोगना

लुधियाना, युटर्न, 25 जनवरी। माननीय कमिश्नर पुलिस लुधियाना श्री स्वप्न शर्मा, आई.पी.एस. के दिशा-निदेशों में असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत क्राइम ब्रांच लुधियाना द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में श्री हरपाल सिंह, पी.पी.एस., डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन) लुधियाना, श्री अमनदीप सिंह बराड़, पी.पी.एस., अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस (इन्वेस्टिगेशन) लुधियाना तथा श्री दीप करण सिंह, पी.पी.एस., ए.सी.पी. डिटेक्टिव-2 लुधियाना के दिशा-निदेशों अनुसार और इंस्पेक्टर नवदीप सिंह, इंचार्ज क्राइम ब्रांच लुधियाना की अगुवाई में पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। क्राइम ब्रांच की पुलिस पार्टी संदिग्ध व्यक्तियों और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के संबंध में टी-प्वाइंट, मोहल्ला गीता नगर, गंदा नाला के पास, टिब्बा रोड, लुधियाना में मौजूद थी। इसी दौरान एएसआई अमरीक सिंह को गुप्त सूचना मिली कि अमृतपाल सिंह उर्फ गगन पुत्र निंदरपाल सिंह, निवासी गांव गुलाम हुसैनवाला, थाना सदर, जिला फिरोजपुर अपने पास अवैध हथियार रखता है और उसके पास हथियार रखने का कोई लाइसेंस नहीं है। सूचना के अनुसार आरोपी अमृतपाल सिंह उर्फ गगन इस समय मोहल्ला विजय नगर की पुली के पास, लुधियाना में किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से खड़ा था। प्राप्त सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रेड कर आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। इस संबंध में थाना टिब्बा, लुधियाना में एफआईआर नंबर 14 दिनांक 24.01.2026 के तहत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# पंजाब के समग्र विकास का स्पष्ट विजन केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास : गुरदर्शन सैनी

डेराबस्सी, यूटर्न, 25 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के अवसर पर उनके आवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर बातचीत करते हुए गुरदर्शन सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संघर्षपूर्ण जीवन और व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी ने साधारण



पृष्ठभूमि से निकलकर अपनी मेहनत और काबिलियत के बल पर राजनीति में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। साधारण परिवार में जन्म लेकर आज वे देश की राजनीति में एक सशक्त और प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं। गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह सफलता किसी एक दिन में हासिल नहीं हुई, बल्कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत और निस्वार्थ जनसेवा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी का विजन केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है। जिस तरह वे हरियाणा को विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, उसी तरह पंजाब को भी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए वे लगातार सकारात्मक सोच और प्रयास कर रहे हैं।

# हिमाचल प्रदेश में 27 जनवरी को फिर बारिश-बर्फबारी का यलो अलर्ट



नवीन गोगना

शिमला, युटर्न, 25 जनवरी। हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश के बाद अब एक बार फिर से एक और वैस्टर्न डिस्टर्बसेंस एक्टिव हो रहा है। ऐसे में राज्य में फिर से बर्फबारी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। मौसम विभाग ने 27 जनवरी को राज्य में भारी बर्फबारी, बारिश और तेज हवाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 29 जनवरी से राज्य में मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है। 25 जनवरी को राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और कहीं-कहीं बारिश की भी संभावनाएं जताई गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार सुंदरनगर, शिमला, कांगड़ा, मुरारी देवी, भुंतर और जोत के क्षेत्रों में बादलों की तेज गर्जना और बिजली गिरने की संभावनाएं व्यक्त की गई है।

**प्रदेश की राजधानी शिमला...**सहित मनाली, कल्पा, कुकुमसेरी, नारकंडा, कुफरी, मशोबरा और ताबो सहित 11 स्थानों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है, जिसमें कुकुमसेरी में माइनस 7.2, कल्पा माइनस 3.8, शिमला माइनस 0.5 और मनाली माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

26 जनवरी गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

VOL: 11 | ISSUE 15 | MONDAY 26-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

**सूचना**

सभी सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर यूटर्न टाइम समाचार पत्र कार्यालय में 26 जनवरी, 2026 को अवकाश रहेगा। पाठकों तक अगला अंक 28 जनवरी, 2026 को पहुंचेगा। -सम्पादक

# कॉलोनाइजरों के झूठे वादों से त्रस्त लोग, बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे निवासी

डेराबस्सी, यूटर्न, 25 जनवरी। डेराबस्सी के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बनी दर्जनों अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोग कॉलोनाइजरों और प्रॉपर्टी डीलरों के झूठे वादों का शिकार होकर बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कॉलोनाइजर केवल मुनाफा कमाने के उद्देश्य से कॉलोनियां विकसित कर देते हैं, जबकि प्रॉपर्टी डीलर बिजली, पानी, सीवरेज और सड़क जैसी सुविधाओं के बड़े-बड़े सपने दिखाकर प्लॉट बेच देते हैं। हकीकत यह है कि लोग जीवनभर इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।



डेराबस्सी क्षेत्र में ऐसी सैकड़ों कॉलोनियां मौजूद हैं, जहां लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी खर्च कर मकान तो बना लिए, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। ऐसी ही बदहाल स्थिति डेराबस्सी के गांव खेड़ी के पास स्थित शिव शक्ति एन्क्लेव कॉलोनी की है। यहां के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। हाल ही में हुई बारिश के बाद कॉलोनी की गलियों से गुजरना तक मुश्किल हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में सीवरेज लाइन का काम अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके चलते जगह-जगह गंदा पानी जमा रहता है। बारिश होने पर हालात और भी खराब हो जाते हैं। लोगों को घरों से बाहर निकलने में डर लगता है, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कॉलोनीवासियों ने रोष जताते हुए बताया कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने के लिए बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही इन कॉलोनियों की सुध लेना भूल जाते हैं। सरकारी अधिकारी अवैध कॉलोनियों का हवाला देकर यहां किसी भी तरह की सुविधा देने से साफ इनकार कर देते हैं।

निवासियों ने आरोप लगाया कि एक महिला प्रॉपर्टी डीलर ने प्रत्येक घर से 5-5 हजार रुपये लेकर सीवरेज लाइन बिछाने का दावा किया था, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद काम अधूरा है और गलियों की हालत और खराब हो चुकी है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है।

लोगों का कहना है कि एक ओर मुख्यमंत्री भगवंत मान जनता को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ से मात्र 20 किलोमीटर दूर डेराबस्सी में लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और सुविधाओं से वंचित लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए।



# मोहाली पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी शहजाद भट्टी के साथी को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़/यूटर्न/25 जनवरी। मोहाली पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे एक आतंकवादी से जुड़े होने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और ऑपरेशन के दौरान एक अवैध हथियार बरामद किया है। यह गिरफ्तारी स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), मोहाली ने की। आरोपी की पहचान जम्मू के गंग्याल निवासी रमन कुमार के रूप में हुई है, जिसे पिछले साल 10 दिसंबर को मोहाली के एसएसओसी पुलिस स्टेशन में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले के सिलसिले में 21 जनवरी को हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट हासिल किया और उसे अंबाला जेल से लाकर एक स्थानीय अदालत में पेश किया। एसएसओसी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान किए गए खुलासों के बाद 23 जनवरी को कुमार से एक .30-बोर की पिस्तौल बरामद की गई। जांचकर्ताओं ने बताया कि कुमार काफी समय से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर शहजाद भट्टी के नियमित संपर्क में था और कथित तौर पर उसके निर्देशों पर काम कर रहा था।



## मांस की दुकान चालाता है कुमार

पूछताछ के दौरान, कुमार ने बताया कि वह गंग्याल में एक मांस की दुकान चलाता है और निजी विवादों के बाद आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। बताया जाता है कि वह इंस्टाग्राम के जरिए भट्टी के संपर्क में आया और उससे संपर्क में रहा। पुलिस का मानना है कि हथियार कुमार को भट्टी के एक साथी के जरिए सप्लाई किया गया था, हालांकि खास लक्ष्यों के बारे में जानकारी अभी भी जांच के दायरे में है।

## अंबाला थाने में धमाके में किया जा चुका गिरफ्तार

अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुमार को पहले अंबाला पुलिस ने एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में हुए विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, यह घटना कथित तौर पर भट्टी के निर्देशों पर की गई थी। उस मामले में, कुमार पर हैंडलर के कहने पर इसमें शामिल लोगों को वित्तीय सहायता देने का आरोप है। आरोपी से जुड़े पूरे नेटवर्क और गतिविधियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# कर्मचारी प्रतिकर मामले में 3 फरवरी को होगी सुनवाई

शाहजहाँपुर, यूटर्न, 25जनवरी। कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत दायर एक वाद में न्यायालय कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त/सहायक श्रमायुक्त, सैनिक कॉलोनी, निगोही रोड, शाहजहाँपुर ने अगली पेशी की तिथि 3 फरवरी 2026 निर्धारित की है।

न्यायालय में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वाद संख्या 68/ईसीए/2023 में वादी श्री धीरज पुत्र परशराम, निवासी ग्राम जमुनिया दौलतपुर, तहसील सदर, जिला शाहजहाँपुर हैं। वहीं प्रतिवादी के रूप में गुरुप्रीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह, निवासी ग्राम सालमपुर सेखान, जिला पटियाला (पंजाब) को नामित किया गया है। न्यायालय द्वारा जारी सम्मन नोटिस में प्रतिवादी को निर्देश दिया गया है कि वह समस्त सारवान प्रश्नों का उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से 3 फरवरी 2026 को अपराह्न 1:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में आवेदन पर एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी और मामले का निस्तारण प्रतिवादी की अनुपस्थिति में किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि सम्मन नोटिस की एक बार तामील के बाद पक्षकारों को अगली तिथियों की अलग से सूचना नहीं भेजी जाएगी और उन्हें स्वयं न्यायालय से जानकारी प्राप्त करनी होगी। यह आदेश 18 दिसंबर 2025 को कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त/सहायक श्रमायुक्त, शाहजहाँपुर द्वारा हस्ताक्षर व मोहर के साथ जारी किया गया।

# पंचकूला के क्रेच से 1 साल के बच्चे का अपहरण, मां के दोस्त ने की हत्या

चंडीगढ़/यूटर्न/25 जनवरी। एक चौंकाने वाली घटना में, पुलिस ने पिंजौर के एक ऑटो ड्राइवर को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर पंचकूला के सेक्टर 12-ए में एक क्रेच से एक साल के बच्चे का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने बच्चे के शव को प्लास्टिक बैग में भरकर फेंक दिया था, जिसके आठ घंटे बाद पुलिस ने सुखोमाजरी बाईपास के पास एक पुलिया के नीचे से बच्चे का शव बरामद किया। आरोपी की पहचान पिंजौर निवासी अजय राणा के रूप में हुई है, जिसने इंस्टाग्राम के जरिए बच्चे की मां से दोस्ती की थी।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 24 जनवरी की सुबह, डेरा बस्सी की रहने वाली लक्ष्मी ने अपने एक साल के बेटे रियान को सेक्टर 12-ए के एक क्रेच में छोड़ा था। इसके कुछ ही देर बाद, एक युवक जो खुद को बच्चे का पिता बता रहा था, उसे ले गया। जब बच्चे की मां को इस बारे में पता चला, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सेक्टर 14 पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज होते ही क्राइम यूनिट सक्रिय हो गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद, आरोपी की पहचान अजय राणा के रूप में हुई।




## पहले गुमराह करने का प्रयास

शुरूआत में, आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर अजय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि वह और लक्ष्मी इंस्टाग्राम के जरिए मिले थे। आरोपी के अनुसार, वह लक्ष्मी के बच्चे को नहीं चाहता था और उसे खत्म करने की साजिश रची। घटना वाले दिन, उसने बच्चे को क्रेच से उठाया और अपने ऑटो में ले गया और एक कपड़े से बच्चे का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को एक प्लास्टिक बैग में बांधा और रामपुर सियुड़ी गांव के पास पुलिया से नीचे फेंक दिया।

## मामले की जांच कर रही पुलिस

अपराध में इस्तेमाल किया गया ऑटो रिक्शा आरोपी के पास से बरामद कर लिया गया है। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया गया और चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान, यह जांच की जाएगी कि क्या इस साजिश में कोई और व्यक्ति शामिल था। शव का पोस्टमार्टम पंचकूला के सेक्टर 6 के सिविल अस्पताल में किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।




RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं

VOL: 11 | ISSUE 15 | MONDAY 26-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



Happy

## Republic Day

On this Republic Day, we honor the Constitution,
salute our nation's heroes, and
renew our commitment to a brighter future for India.



**SANJEEV ARORA**

**Cabinet Minister**
**Department of Local Government**
**Industry & Commerce, Power & Investment Promotion**

Happy Birthday



रुद्र वीर सिंह

# शिवरात्रि महोत्सव कमेटी द्वारा 39वीं विशाल शोभा यात्रा के उपलक्ष्य में मीटिंग आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/25 जनवरी। शिवरात्रि महोत्सव कमेटी की ओर से संगम के महाकुम्भ और शिवरात्रि के शुभ अवसर पर दिव्य चाँदी के रथ पर विराजमान भगवान भोलेनाथ की 39वीं विशाल शोभा यात्रा 14 फरवरी दिन शनिवार को प्राचीन शिव मंदिर गऊघाट से बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है। इसी के उपलक्ष्य में मीटिंग का आयोजन शिवपुरी स्थित टूटीया वाला मंदिर एवं धर्मशाला में मंदिर के अध्यक्षता चेयरमैन अनिल बजाज और टूटीया वाला मंदिर कमेटी के प्रधान उमा दत्त शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसमें भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए श्री राम शरणम दरेसी के प्रमुख दविंद्र सूद, जगराओ पुल स्थित हनुमान मंदिर से पंडित बाबूराम भारद्वाज और ओम प्रकाश त्रिपाठी जी पधारे।

# ढकोली के ओल्ड अंबाला रोड पर दो दिन से गिरा पेड़ बना खतरा, प्रशासन बेखबर



जीरकपुर, यूटर्न, 25 जनवरी। ढकोली के ओल्ड अंबाला रोड से एक गंभीर तस्वीर सामने आ रही है। यहां सड़क पर पिछले दो दिनों से गिरा हुआ पेड़ लगातार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ था, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि इतने समय बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस गिरे हुए पेड़ की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था, खासकर रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Suo Motu: जब अदालत खुद मामला उठाती है

अक्सर खबरों में लिखा होता है—'कोर्ट ने Suo Motu cognizance लिया।' आम पाठक के लिए यह शब्द भारी लगता है, लेकिन इसका अर्थ काफी सरल है। Suo Motu का मतलब होता है—बिना किसी शिकायत या याचिका के, अदालत द्वारा अपने आप किसी मामले पर संज्ञान लेना।

सामान्यतः अदालत किसी व्यक्ति की याचिका या शिकायत पर ही कार्यवाही शुरू करती है। लेकिन कुछ परिस्थितियाँ इतनी गंभीर होती हैं कि अदालत यह मानती है कि केवल इंतजार करना न्याय के खिलाफ होगा। ऐसे मामलों में, जब कोई मुद्दा सार्वजनिक हित, नागरिक अधिकार या व्यवस्था से जुड़ा हो, अदालत खुद ही मामला उठा सकती है।

Suo Motu का इस्तेमाल अक्सर तब होता है जब मीडिया रिपोर्ट, सरकारी रिकॉर्ड या किसी घटना से यह स्पष्ट हो जाए कि किसी अधिकार का उल्लंघन हुआ है। इसका उद्देश्य किसी को सजा देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना होता है कि व्यवस्था जवाबदेह रहे और न्याय प्रक्रिया सक्रिय रहे।

यह समझना जरूरी है कि Suo Motu कोई रोजमर्रा की प्रक्रिया नहीं है। यह अदालत की असाधारण शक्ति है, जिसका इस्तेमाल सोच-समझकर किया जाता है। हर मुद्दा Suo Motu नहीं बनता और न ही कोई व्यक्ति इसकी माँग अधिकार के रूप में कर सकता है।

निष्कर्ष : Suo Motu अदालत की वह शक्ति है, जो यह दिखाती है कि न्याय केवल आवेदन पर निर्भर नहीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर स्वयं आगे आता है। यह शक्ति कानून को संवेदनशील और समाज के प्रति ज़िम्मेदार बनाती है—लेकिन इसका प्रयोग हमेशा असाधारण परिस्थितियों में ही किया जाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### विक्षुब्ध अर्थव्यवस्था

दौलत के खेल में उलझा जहान, कभी मंदी, कभी महँगाई का तूफान।
रोजगार घटे, बढ़ गई महँगाई, आम जन की जेब पे है, भारी मंदी छाई।
बाजार करें डगमग, निवेश हैं डराए, भविष्य की राहें धुंध में छुप छुप जाएँ।
नित होते जा रहे हैं, अमीर और भी अमीर, गरीब और गरीब, सपनों का टूटना लगे न अब अजीब। अब तो संकटों से न निकलती है राहें, नए विचार चाहे कितना भी खोलें बाहें।
तेल की कीमतें तो ही बढ़ती जाएँ, रोटी की कीमत भी ढेरों आँसू रुलाएँ।
डॉलर ऊपर, रुपया नीचे, हर बाजार को है गिरावट खींचे।
हर तरफ हो रही, फैक्टरियाँ बंद और मजदूर हो रहे लाचार, कर्ज में डूबा है अब हर व्यापार।
बेरोजगारी बढ़ गई है चारों ओर, युवाओं के सपने हो गए हैं कमजोर।
अमीर बनते जा रहे और अमीर, गरीबों की हालत है अधमीर।
महँगाई ने तोड़ी कमर, जनता बोले - रजीते जी हम रहे हैं मरर युद्धों की आँधी, राजनीति की आग, अर्थव्यवस्था पर छा गए हैं विराग।
फिर भी आशा बाकि है वहाँ, संघर्षों में भी खिलता है कमल जहाँ। नवाचार से होगी नई शुरूआत, मानवता से मिलेगा मेहनत को प्रभात। हिम्मत न हारो साथी उठ जाओं हिम्मत से भूलो अपने सारे गम एक दिन फिर से विश्व उठेगा, टूटेगा भ्रम, अर्थव्यवस्था पाएगी फिर से नया दम।

# 243 घंटे के अखंड महायज्ञ के प्रचार प्रसार व व्यवस्था के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन

## 8-8 घंटे तीन भागों में 24 घंटे भक्तों की सेवा में उपस्थित रहेंगे मां बगलामुखी धाम के सेवक



लुधियाना, यूटर्न, 25 जनवरी । पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक किया जाएगा। मां बगलामुखी धाम के पावन प्रांगण में मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी के सानिध्य में अखंड महायज्ञ की तैयारियों संबंधी सेवकों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवको ने तन-मन-धन से 243 घंटे के अखंड महायज्ञ में 24 घंटों सेवा करने का संकल्प किया ।

# गुरतेज गेजा बीजेपी किसान मोर्चा शहरी मंडल के अध्यक्ष नियुक्त

चरणजीत सिंह चन्न



जगरांव/यूटर्न/25 जनवरी। रविवार बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा के कुशल नेतृत्व में और बीजेपी मंडल शहरी के अध्यक्ष टोनी वर्मा की प्रेरणा से, गुरतेज सिंह गेजा और उनके साथी हरप्रीत सिंह झज्ज, मिंटू सिंह खालसा, मनिंदर संघ खालसा, एडवोकेट प्रेम सिंह को बीजेपी में शामिल किया गया। इस अवसर पर सतीश कुमार पप्पू, सुमित अरोड़ा, राज वर्मा, नवीन जैन, अनिल कुमार शांति, डॉ. निर्मल भुल्लर, सुरेश गर्ग, भजन सिंह काउंके और मंदीप सिंह काउंके विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर, गुरतेज गेजा और उनके साथियों ने पार्टी और समाज की तन-मन से सेवा करने और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहित नीतियों को पूरे देश में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, जाति और समाज के लिए लागू करने, बाहरी ताकतों से हमारी सुरक्षा और पूरी दुनिया में भारत के बढ़ते महत्व के लिए पूरी ईमानदारी से दिन-रात काम करने की सराहना की।

# विधायक बग्गा द्वारा वार्ड नंबर 67 व 68 में नई आरएमसी सड़क का उद्घाटन



लुधियाना/यूटर्न/25 जनवरी। विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तर से विधायक मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 67 और 68 के अंतर्गत पड़ती चंद्र नगर रोड पर भूरीवाला गुरुद्वारा साहिब से लाला जगत नारायण चौक तक नई आर.एम.सी. सड़क के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

# पंजाब के इंटरनेशनल स्मगलर आइसमैन राजा कंदोला की मौत, मुंबई में हार्ट अटैक आया

पंजाब/यूटर्न/25 जनवरी। पंजाब के बंगा के रहने वाले हाई-प्रोफाइल ड्रग तस्कर राजा कंदोला की मौत हो गई। मुंबई में रह रहे राजा कंदोला को हार्टअटैक आया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राजा कंदोला का असली नाम रणजीत सिंह था। उसका नाम पंजाब का सबसे चर्चित ड्रग तस्करों में से एक था। उसे जालंधर की एक विशेष ढटछ्अ (मनी लॉन्ड्रिंग) कोर्ट ने 200 करोड़ रुपए के ड्रग रैकेट मामले में 9 साल की कैद की सजा सुनाई थी।इस मामले में उसकी पत्नी रजवंत कौर को भी 3 साल की सजा मिली थी। 2024 में राजा कंदोला का आइस ड्रग (क्रिस्टल मेथ) तस्करी मामला चर्चा में रहा था। जेल से छूटने के बाद वह परिवार के साथ मुंबई जाकर बस गया था, जहां उसकी हार्टअटैक से मौत हो गई।



2012 में पुलिस ने राजा को किया था गिरफ्तार

### आइस मैन के नाम से बदनाम हुआ कंदोला

रणजीत सिंह उर्फ राजा कंदोला को पंजाब में आइस मैन के नाम से भी जाना जाता था, क्योंकि वह सिंथेटिक ड्रग्स (जैसे आइस या मेथमफेटामाइन) के अवैध धंधे का मास्टरमाइंड था। पुलिस के अनुसार राजा मेथमफेटामाइन (आइस) और अन्य नशीले पदार्थ बनाने के लिए दिल्ली और पंजाब में अवैध लैब चलाता था। वह कच्चा माल दिल्ली से लाता और उसे रिफाइन करके विदेशों में सप्लाई करता।

### नवांशहर के बंगा का रहने वाला था कंदोला

राजा कंदोला मूल रूप से पंजाब के नवांशहर (शहीद भगत सिंह नगर) जिले के बंगा का रहने वाला है। वह काफी समय तक अमेरिका और जिम्बाब्वे जैसे देशों में रहा, जहां से उसने ड्रग तस्करी का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बनाया। पंजाब लौटने के बाद उसने खुद को एक बड़े फार्महाउस के मालिक के रूप में स्थापित किया। कंदोला का नाम पहली बार जून 2012 में तब सुर्खियों में आया जब पंजाब पुलिस ने 200 करोड़ रुपए के सिंथेटिक ड्रग रैकेट का पदार्फाश किया। इसमें पुलिस से बचते हुए वह दिल्ली भाग गया, लेकिन अगस्त 2012 में उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

### पत्नी-बेटा का भी नाम तस्करी में आया

कंदोला के साथ उसकी पत्नी रजवंत कौर और बेटा बाली सिंह भी कानूनी मुश्किलों में फंसे। दोनों का नाम भी ड्रग तस्करी में आया। राजा की एक महिला मित्र सोनिया का नाम भी इस केस में चर्चा में रहा था, जो कथित तौर पर उसके होटल और प्रॉपर्टी के कारोबार को देखती थी। इसके अलावा राजा कंदोला राजा ड्रग तस्करी के कई केसों में शामिल था, जिसके चलते वह पंजाब की अदालतों में पेश होने के लिए आता रहता था। दिल्ली में बरामद ड्रग्स के केस में 15 साल की कैद हुई थी। इस तरह राजा को दो मामलों में सजा हो चुकी है, जबकि दो में वह बरी हो चुका है।

# पंजाब पुलिस ने पकड़ा आतंकियों का मददगार, पाकिस्तानी नार्को टेरर नेटवर्क से जुड़ा, सिरसा थाने पर हमले से लिंक

पंजाब/यूटर्न/25 जनवरी। पंजाब पुलिस की स्टेट ऑपरेशन सेल ने (ररडउ) ने सीमा-पार पाकिस्तान से चल रहे नार्को-टेरर नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए नेटवर्क में शामिल आरोपी सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, नेटवर्क भारी मात्रा में हेरोइन और अवैध हथियारों की तस्करी से जुड़ा है। पकड़ा गया आरोपी सतनाम सिंह, नवंबर 2025 में हरियाणा के सिरसा में हुए ग्रेनेड हमले से भी जुड़ा हुआ है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट



एक्स पर पोस्ट डालकर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि आरोपी ने हेरोइन तस्करी से आने वाले पैसों के लेन-देन में मदद की। उसने अपना बैंक खाता और यूपीआई पाकिस्तान में बैठे एक ड्रग तस्कर के कहने पर इस्तेमाल करने दिया। इन्हीं पैसों का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। पंजाब पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नार्को-टेरर के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसे नेटवर्क की आर्थिक और लॉजिस्टिक रीढ़ तोड़ी जा रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी और लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।


# शिवसेना नेता के गनमैन ने लगाया नकली नाका, बाइक सवार को रोक मांगे रुपए, वीडियो बनाने पर भागा

जालंधर/यूटर्न/25 जनवरी। जालंधर में बाइक रोकने और चालान काटने पर हंगामा हो गया। शक होने पर बाइक सवार युवकों ने वीडियो बनानी शुरू कर दी। इस पर नाका लगाने वाले पुलिसकर्मी भड़क गए। शक होने पर बाइक सवार ने जब उनके आईडी की मांग की तो वे सकपका गए। युवक का शक बढ़ा तो उसने शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को इकट्ठा कर लिया। भीड़ बढ़ने और वीडियो बनता देख नाका लगाने वाले पुलिसकर्मी और उसके साथ आए 2 युवक मौके से भाग निकले। इसके बाद लोगों ने लोकल थाने से पुलिस कर्मियों और नाके की जानकारी जुटाई। थाने से पता चला कि ना तो किसी पुलिस कर्मी को नाका लगाने की जिम्मेदारी दी गई और ना ही जिस जगह चेकिंग की जा रही थी, वहां कोई नाका लगाने की परमिशन है। इसी बीच पता चला कि जो युवक पुलिस की वर्दी में था, वह शिव सेना के नेता का गनमैन है। भीड़ में शामिल एक युवक ने उसकी पहचान की। फिलहाल, पुलिस नकली पुलिस कर्मी बनने वाले युवकों की तलाश कर रही है। उधर, मामला संज्ञान में आने पर अउढ परमिंदर सिंह ने आरोपी को लाइन हाजिर कर दिया है।



पैसे मांगने पर युवकों से बहस करता मुलाजिम

**बर्थ-डे पार्टी से लौटते युवक को रोका...** अर्बन स्टेट निवासी आकाशदीप सिंह ने बताया कि वे अपने दोस्त पवनदीप सिंह के जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। रात साढ़े 10 बजे के करीब पिम्स अस्पताल के सामने मोड़ पर वर्दी पहने एक पुलिसकर्मी और दो सिविल ड्रेस पहने युवकों ने उसकी बाइक को हाथ देकर रोक लिया। रोकने के बाद वे उससे कागज मांगने लगे और चालान करने की बात कहने लगे।



Prayer Meeting

With profound grief and sorrow, we inform you of the sad demise of our beloved and respected

MRS. RENU SOOD

W/O Shri. Madan Mohan Sood

Prayer meeting will be held on

Tuesday, 27th Jan, 2026

02:00 - 03:00 PM

Venue: Nirvana Resort, Ludhiana

Grief-Stricken

Sandhya & Sanjeev Arora
(Cabinet Minister, Punjab)
Guneet & Kavya Arora
Roopica & Yuvraj Arora
Ketki & Shrey Gupta
Sakshi & Ritesh Arora
Dr Sulbha Jindal

Prayer Meeting

With profound grief and sorrow, we inform you of the sad demise of our beloved and respected

MRS. RENU SOOD

W/O Shri. Madan Mohan Sood

Prayer meeting will be held on

Tuesday, 27th Jan, 2026

02:00 - 03:00 PM

Venue: Nirvana Resort, Ludhiana

Grief-Stricken

Neeraj Satija
Hatinder Kumar (Rimpy)
Sunny Bhalla
Ritesh Mohindra
Amit Gupta
Rishi Khosla
Vishal Sabharwal
Jatinder Singh

Prayer Meeting

With profound grief and sorrow, we inform you of the sad demise of our beloved and respected

MRS. RENU SOOD

W/O Shri. Madan Mohan Sood

Prayer meeting will be held on

Tuesday, 27th Jan, 2026

02:00 - 03:00 PM

Venue: Nirvana Resort, Ludhiana

Grief-Stricken

Sonal-Hemant Sood (Findoc Group)
(Daughter - Son in law)
Niti Sood
(Daughter)
Hiteshie, Vidhi & Naman
(Grandchildren)
Anjali - Vinay Dua
(Sister - Brother in law)
Lalit - Kiran Sood
(Brother - Sister in law)
Adarsh Sood
(Sister in law)
Asha Sood
(Sister in law)

# ड्रैगन की फौज में भूचाल: शी जिनपिंग की सत्ता को चुनौती देने वाले शीर्ष जनरल पर गिरी गाज

बीजिंग, यूटर्न, 25 जनवरी। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) में बड़ा सत्ता संघर्ष सामने आया है। सेना के मुखपत्र 'पीएलए डेली' के संपादकीय ने खुलासा किया है कि देश के सबसे ताकतवर सैन्य अधिकारियों में शामिल झांग यूक्सिया और वरिष्ठ जनरल लियू जेनली पर कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्ण नियंत्रण को चुनौती देने का आरोप है। इसके बाद दोनों के खिलाफ अनुशासन और कानून उल्लंघन के मामलों में जांच शुरू कर दी गई है, जिससे बीजिंग के सत्ता गलियारों में खलबली मच गई है।



संपादकीय में कहा गया है कि दोनों अधिकारियों ने भ्रष्टाचार और राजनीतिक अनुशासनहीनता को बढ़ावा दिया, जिससे सशस्त्र बलों पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) की पकड़ कमजोर होने का खतरा पैदा हुआ। पार्टी ने साफ किया है कि सेना पर उसका नियंत्रण उसकी सत्ता की रीढ़ है और इसे चुनौती देना 'अत्यंत गंभीर अपराध' माना जाएगा। राष्ट्रपति शी जिनपिंग सत्ता में आने के बाद से लगातार यह दोहराते रहे हैं कि 'बंदूक पार्टी के हाथ में रहनी चाहिए।' शी न केवल सीपीसी के महासचिव हैं, बल्कि केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पार्टी के प्रति वफादारी का असली मतलब शी जिनपिंग के नेतृत्व के प्रति पूर्ण निष्ठा है।

# बठिंडा में हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, 4 महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

सोनू टुटेजा
बठिंडा/यूटर्न/25 जनवरी। बठिंडा पुलिस ने रेलवे स्टेशन और संतपुरा रोड क्षेत्र में सक्रिय एक हनी ट्रैप गिरोह का पदार्फाश करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह रात के समय रेलवे यात्रियों और राहगीरों को हनी ट्रैप में फंसाकर लूट की वारदातों को अंजाम देता था। गिरोह में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल थी, जो पहले शिकार को फंसाने का काम करती थीं। पुलिस को काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि रेलवे स्टेशन बठिंडा और संतपुरा रोड के आसपास कुछ महिलाएं यात्रियों को बहला-फुसलाकर एकांत स्थानों पर ले जाती हैं, जहां पहले से मौजूद उनके पुरुष साथी लूटपाट करते हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी बठिंडा डॉ. ज्योति यादव के निर्देश पर पुलिस ने जांच शुरू की। इस अभियान की निगरानी एसपी (इन्वेस्टिगेशन) जस्मीत



## खाली जगह ले जाकर करती थी वारदातें

थाना कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर परविंदर सिंह को 22 जनवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली कि एक संगठित गिरोह संतपुरा रोड इलाके में सक्रिय है। गिरोह के पास एक थ्री-व्हीलर (ऑटो) है, जिसे वे सुनसान जगह पर खड़ा कर वारदात को अंजाम देते हैं। सूचना के अनुसार, गिरोह की महिलाएं रात के समय अकेले चल रहे राहगीरों और रेलवे यात्रियों को अश्लील इशारों और प्रेम प्रस्ताव के जरिए फंसाती थीं। विश्वास में लेने के बाद उन्हें एकांत स्थान पर ले जाते और वहां थ्री-व्हीलर पर सवार पुरुष साथी पहुंचकर लूट लेते थे।

## पहले भी कर चुके वारदातें

जांच में सामने आया है कि आरोपियों द्वारा पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इनके साथ कोई अन्य सदस्य तो शामिल नहीं है। बठिंडा पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अनजान लोगों से सावधान रहे, विशेषकर रात के समय यात्रा करते हुए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सिंह, एसपी सिटी नरेंद्र सिंह तथा डीएसपी सिटी 1 अमृतपाल सिंह भाटी द्वारा की जा रही थी। थाना कोतवाली पुलिस ने रंजीत सिंह उर्फ मोजी (36), विशाल कुमार (24), शिवा (22), नीतू (32), किरण रानी उर्फ माही (40), मनप्रीत कौर (42) और सुखदीप कौर (40) खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक वक्ता भगवान दास गुप्ता को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रमाण पत्र और सम्मान प्राप्त होगा

पटियाला, यूटर्न, 25 जनवरी। राजसी नगरी पटियाला के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक वक्ता भगवान दास गुप्ता को 26 जनवरी को जिला स्तरीय अभिनंदन समारोह में पंजाब सरकार के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया



जाएगा। पिछले 45 वर्षों से संगीत, पर्यावरण और सामाजिक सेवा में सक्रिय भगवान दास गुप्ता ने शिक्षा और जन कल्याण के क्षेत्र में नए उदाहरण स्थापित किए हैं, जैसे पटियाला जिले के सरकारी स्कूलों में आरओ वाटर प्यूरीफायर लगवाना, झुग्गीवासियों के अपशिष्ट जल का उपयोग करने के लिए वृक्षारोपण करना, स्वच्छ जल, राशन, बुजुर्गों की देखभाल, दवाइयों की व्यवस्था, स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों को शिक्षा के दायरे में लाना और किशोरियों को सैनिटरी पैड वितरित करना। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3090 के डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर होने के साथ-साथ, वे वर्ष 2022-23 के दौरान रोटरी क्लब पटियाला मिडटाउन के अध्यक्ष भी रहे, जब उन्होंने मात्र एक वर्ष में रिकॉर्ड 82 परियोजनाओं की शुरूआत की, जिसके लिए उन्हें रोटरी इंटरनेशनल द्वारा ₹रोटरी एवेन्यूज ऑफ सर्विस अवार्ड₹ और ₹रोटरी बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड₹ से सम्मानित किया गया। भगवान दास गुप्ता को 1994 में नेहरू युवा केंद्र (भारत सरकार) से डिस्ट्रिक्ट यूथ अवार्ड, 2016 में पंजाब के माननीय राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी महा माहिम से राज्य स्तरीय रेड क्रॉस दिवस पुरस्कार, रक्तदान के लिए स्टार मोटिवेटर अवार्ड और कई अन्य सरकारी और गैर-सरकारी सम्मान प्राप्त हुए हैं।

# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी पंजाब की झांकी, सीएम होशियापुर में फहराएंगे तिरंगा



पंजाब/यूटर्न/25 जनवरी। गणतंत्र दिवस पर इस बार पंजाब की झांकी कर्तव्य पथ पर देखने को मिलेगी। केंद्र सरकार की समिति ने इसके लिए पंजाब की झांकी का चयन कर लिया है। वहीं, पंजाब के 18 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान तीन अधिकारियों विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक व 15 को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से सूची जारी कर दी गई है। इसके अलावा, इस बार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान होशियारपुर में और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया फाजिल्का में तिरंगा फहराएंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि जहां हम 'हिंद दी चादर' साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी को पूरे राज्य में श्रद्धा और सम्मान के साथ राज्य-स्तरीय कार्यक्रमों के माध्यम से मना रहे हैं। वहीं गुरु साहिब के जीवन फलसफे और उनकी अद्वितीय शहादत को समर्पित एक झांकी गणतंत्र दिवस की परेड के लिए भी भेजी गई है, जो इस वर्ष 26 जनवरी की परेड की शोभा बनेगी। उन्होंने कहा कि, गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शिक्षाएं पूरी दुनिया को मानवाधिकारों, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक आजादी के प्रति जागरूक करती हैं। इन महान विचारों से युवाओं सहित समाज के हर वर्ग को परिचित करवाना समय की जरूरत है। इसी उद्देश्य को लेकर हमारी सरकार के प्रयास निरंतर जारी हैं।



यूटर्न टाइम

# भारी बर्फबारी से वैष्णो देवी यात्रा प्रभावित, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित

चंडीगढ़/यूटर्न/25 जनवरी। जम्मू-कश्मीर के त्रिकुटा पर्वत क्षेत्र में मौसम के अचानक बिगड़ने के कारण माता वैष्णो देवी की पवित्र यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। ऊंचाई वाले इलाकों में हुई भारी बर्फबारी और लगातार बारिश के चलते यात्रा मार्ग पूरी तरह फिसलन भरे हो गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर खतरा बढ़ गया है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन यह निर्णय लिया। कटरा स्थित आधार शिविर से भवन की ओर जाने वाली यात्रा को फिलहाल रोक दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, नए श्रद्धालुओं को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है, जबकि यात्रा पर निकले कुछ श्रद्धालुओं को बीच रास्ते से ही वापस लौटाया गया। मार्गों पर जमी बर्फ और कम दृश्यता के कारण पैदल चलना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है।



## हेलीकॉप्टर सेवा पर भी असर

मौसम की मार का असर हेलीकॉप्टर सेवाओं पर भी पड़ा है। भवन तक चलने वाली सभी हेलीकॉप्टर उड़ानों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया है। तेज हवाओं, घने बादलों और खराब दृश्यता के चलते उड़ानों का संचालन सुरक्षित नहीं माना गया। हवाई सेवाएं बंद होने से हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनमें बुजुर्ग, बच्चे और विशेष जरूरतों वाले यात्री भी शामिल हैं।

## लगातार हालातों पर नजर

प्रशासन और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। बर्फ हटाने के लिए मशीनें लगाई गई हैं और यात्रा मार्गों को साफ करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सुरक्षा बलों, आपदा प्रबंधन टीमों और स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले समय में तापमान में गिरावट जारी रह सकती है और ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। ऐसे में प्रशासन यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले मौसम के पूरी तरह अनुकूल होने का इंतजार कर रहा है।

## श्रद्धालुओं से बोर्ड की अपील

श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे फिलहाल अपनी यात्रा स्थगित रखें और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्हें सलाह दी गई है कि यात्रा से जुड़ी जानकारी केवल आधिकारिक घोषणाओं के माध्यम से ही प्राप्त करें। होटल और धर्मशालाओं में ठहरे श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मौसम सामान्य होते ही और मार्ग पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने पर यात्रा और हेलीकॉप्टर सेवाओं को फिर से शुरू किया जाएगा।

# विकास के नाम पर पेड़ों की बलि नहीं! मोहाली में 250 पेड़ काटने पर हाईकोर्ट का कड़ा वार, GMADA की योजना कटघरे में

चंडीगढ़/मोहाली, यूटर्न, 25 जनवरी। मोहाली में सड़क चौड़ीकरण और राउंडअबाउट्स के लिए प्रस्तावित 250 पेड़ों की कटाई को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर किसी भी कीमत पर विकास नहीं किया जा सकता।

हाईकोर्ट ने GMADA की योजना की जांच के लिए वकीलों, वन विभाग और GMADA अधिकारियों की एक विशेष कमेटी गठित करने का आदेश दिया है, जो मौके का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट अदालत को सौंपेगी।

## कोर्ट की दो टूक टिप्पणी

'सड़क हादसों में जान बचाना जरूरी है, लेकिन हरियाली खत्म कर विकास स्वीकार्य नहीं।'

याचिका में चौंकाने वाला खुलासा किया गया कि पिछले 22 वर्षों में पंजाब का वन और वृक्ष आवरण 8% से घटकर मात्र 6.59% रह गया है, जो राज्य के पर्यावरणीय भविष्य के लिए गंभीर खतरे की घंटी है।

## अब कमेटी यह तय करेगी

- क्या पेड़ों को बचाकर परियोजना संभव है
- क्या कोई वैकल्पिक डिजाइन या मार्ग अपनाया जा सकता है
- और विकास व पर्यावरण के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए

## अदालत के सख्त रुख से संकेत साफ हैं

अब विकास की हर परियोजना को हरियाली की कसौटी पर परखा जाएगा।

# पंजाब के 19 अधिकारी होंगे सम्मानित, 3 को राष्ट्रपति पदक




पंजाब/यूटर्न/25 जनवरी। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर पंजाब पुलिस और सिविल डिफेंस से जुड़े कुल 18 अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा और वीरता के लिए सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 15 अधिकारियों को वीरता व सराहनीय सेवा पदक, जबकि 3 वरिष्ठ अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक (पीएमएस) प्रदान किया जाएगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची के अनुसार, पंजाब के तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक से नवाजा गया है। इनमें एडीजीपी एसएमटी विभु राज, डीआइजी लक्ष्मीकांत यादव, एडीजीपी अरुण पाल सिंह शामिल हैं। इन अधिकारियों को पुलिस सेवा में दी गई विशिष्ट और अनुकरणीय सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है।

## 16 अधिकारियों को गैलेंट्री-मैरिटोरियस सर्विस मेडल

वहीं, पंजाब के 16 पुलिस और सिविल डिफेंस अधिकारियों को गैलेंट्री मेडल और मैरिटोरियस सर्विस मेडल के लिए चुना गया है। इस सूची में एसपी जसदेव सिंह सिद्धू, डीएसपी राजन परमिंदर सिंह, डीएसपी हरिंदरदीप सिंह, डीएसपी नवदीप सिंह, इंस्पेक्टर तलविंदर सिंह, एआईजी रणदीप सिंह मान, इंस्पेक्टर हरिश कुमार, इंस्पेक्टर प्रीतपाल सिंह, इंस्पेक्टर राजिंदर कुमार, सब-इंस्पेक्टर भूपिंदर सिंह, सब-इंस्पेक्टर धरमजीत कौर, इंस्पेक्टर मनजीत कौर, एएसआई स्वरणजीत कौर, एसीपी सपींदर कौर और इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह शामिल हैं। शरणदीप सिंह ग्रेवाल पॉसिबल डिफेंस के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# गणतंत्र दिवस से पहले डेराबस्सी अलर्ट मोड पर, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



डेराबस्सी, यूटर्न, 26 जनवरी। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लेकर डेराबस्सी में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। एसएसपी हरमनदीप सिंह हांस के निर्देशों के तहत रविवार को डीएसपी भूपिंदर सिंह (कमांडर सेंटर, मोहाली) की अगुवाई में पुलिस द्वारा व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया।

डीएसपी भूपिंदर सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और आम जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी तरह की अफवाह, शरारती तत्वों की गतिविधि या कानून विरोधी हरकत को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी डेराबस्सी सुमित मोर, थाना प्रभारी हंडेसरा गुरमेहर सिंह, चौकी इंचार्ज मुबारकपुर कुलवंत सिंह, चौकी इंचार्ज लहली गुरविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस टीमों ने डेराबस्सी शहर के मुख्य बाजारों, संवेदनशील इलाकों, रिहायशी क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले मार्गों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएसपी ने कहा कि गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस चौकी को दें।

# विजिलेंस द्वारा 5.2 लाख रुपये रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल रंगे हाथों काबू

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 25 जनवरी। पंजाब विजिलेंस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सी.आई.ए. खन्ना में तैनात हेड कांस्टेबल रमेश कुमार को 5 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मास्टर कॉलोनी खन्ना निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई। विजिलेंस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़ा है। आरोपी हेड कांस्टेबल ने उस पर जुए व सट्टेबाजी में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर सीआईए इंचार्ज नरपिंदरपाल सिंह से मिलवाया। वहां शिकायतकर्ता से झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर पहले 5 लाख रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने मजबूरी में 2.20 लाख रुपये देने की कोशिश की, लेकिन पूरी रकम न होने पर पैसे लौटा दिए गए। बाद में रिश्वत की रकम बढ़ाकर 5.20 लाख कर दी गई। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस होशियारपुर से संपर्क किया। जांच के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रमेश कुमार को रिश्वत लेते हुए काबू कर लिया। मामले में सीआईए इंचार्ज नरपिंदरपाल सिंह की तलाश जारी है और उसके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत केस दर्ज कर जांच जारी है।



# डेराबस्सी में चंडीगढ़ नेशनल हाईवे बना हादसों का रास्ता

## सड़क पर पड़े गड्ढों से रोजाना वाहन क्षतिग्रस्त, प्रशासन बना मूक दर्शक

मेजर अली

डेराबस्सी, यूटर्न, 25 जनवरी। चंडीगढ़-अंबाला नेशनल हाईवे पर डेराबस्सी क्षेत्र में सड़क की बदहाल स्थिति अब आम लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन चुकी है। चंडीगढ़ से अंबाला की ओर जाते समय डेराबस्सी फ्लाईओवर उतरते ही नेशनल हाईवे पर जगह-जगह पड़े बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। सड़क पर गड्ढों में मिट्टी, पानी और बजरी भर जाने से बाइक सवारों और कार चालकों को रोजाना नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद न तो प्रशासन और न ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी इस ओर कोई ध्यान दे रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हाईवे पर बने गड्ढों की हालत दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है। भारी वाहनों, खासकर मिट्टी से भरे टिप्परों की आवाजाही के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहन अचानक गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे टायर फटने, सस्पेंशन खराब होने और कई बार बाइक सवारों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि यह समस्या केवल बाहरी इलाके तक सीमित नहीं है, बल्कि डेराबस्सी थाने के बाहर भी चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। इसके बावजूद रोजाना गुजरने वाले प्रशासनिक अधिकारी और नेशनल हाईवे से जुड़े कर्मचारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।



हर दिन इसी सड़क से गुजरता हूं। गड्ढों के कारण मेरी बाइक का टायर दो बार खराब हो चुका है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

**राजेश कुमार, बाइक सवार**

थाने के बाहर तक सड़क टूटी हुई है। अधिकारी रोज निकलते हैं, लेकिन किसी को फर्क नहीं पड़ता।

**सुरेश शर्मा, स्थानीय दुकानदार**

मिट्टी से भरे टिप्पर सड़क को और खराब कर रहे हैं। अगर जल्द मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा तय है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी तुरंत सड़क की मरम्मत करवाए और भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और संभावित हादसों से बचा जा सके। **अमनदीप सिंह, कार चालक**

### लोग बोले -कोई नहीं सुनता हमारी बात

स्थानीय दुकानदार और वाहन चालक खासे नाराज नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि गड्ढों के कारण न केवल वाहन खराब हो रहे हैं, बल्कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय सड़क पर रोशनी कम होने के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे खतरा और बढ़ जाता है।

### डेराबस्सी नेशनल हाईवे पर बदहाली के प्रमुख कारण

- मिट्टी से भरे टिप्परों की रोजाना आवाजाही
- समय पर सड़क की मरम्मत न होना
- बरसात के बाद गड्ढों में पानी भर जाना
- प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी

# 31वां दशमेश अलौकिक पैदल मार्च गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब से अपने आखिरी पड़ाव के लिए रवाना



राज बब्बर


जगरांव/यूटर्न/25 जनवरी। 31वां अलौकिक पैदल मार्च जो श्री आनंदपुर साहिब से नगर कीर्तन के रूप में शुरू हुआ था, जगरांव के गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब में 21 दिन आराम करने के बाद, बाबा कुलवंत सिंह जी की लीडरशिप में तख्तूपुरा साहिब से श्री दीना साहिब के लिए अपने आखिरी पड़ाव के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर, नगर कीर्तन को रवाना करते हुए गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब के बाबा कुलवंत सिंह जी ने कहा कि यह नगर कीर्तन सिख इतिहास की तस्वीरों के साथ श्री आनंदपुर साहिब से शुरू हो रहा है, जो श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की यादों को ताजा कर रहा है। आनंदपुर के किले से निकलने के बाद जहां भी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी रुके थे, यह अलौकिक पैदल मार्च वहीं नगर कीर्तन के रूप में रुका है और अपने आखिरी पड़ाव के लिए निकल गया है। संगत फूलों से सजी पालकी के पीछे सतनाम वाहेगुरु का जाप करते हुए चल रही थी। संगत ने यह भी कहा कि वे इस नगर कीर्तन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इस नगर कीर्तन के जरिए वे अपने बच्चों और नई पीढ़ी को भी गुरु घर और गुरबानी से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

# बाबा कुलवंत सिंह लक्खा ने जयकारों के बीच मल्ला से मानूके तक सड़क का उद्घाटन किया



राज बब्बर

जगरांव/यूटर्न/25 जनवरी। जगरांव के पास सिख इतिहास से जुड़े दुनिया के सबसे मशहूर गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब को गांव मानूके से मल्ला और गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब से लाख तक जोड़ने वाली सड़कें तीन करोड़ की लागत से बनाई गई। रविवार हलके की विधायक सरबजीत कौर मानूके ने गुरुद्वारा मेहदियाना साहिब के बाबा कुलवंत सिंह जी के जयकारों के बीच इन सड़कों का उद्घाटन किया। इलाके के लोगों ने इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और हलके की विधायक सरबजीत कौर मानूके का धन्यवाद किया। इस मौके पर बाबा कुलवंत सिंह और श्रद्धालुओं ने कहा कि पिछले कई सालों से इन सड़कों की हालत बहुत खराब थी और आम लोगों का यहां से गुजरना बहुत मुश्किल था। इन सड़कों के बनने से गुरुद्वारे आने वाले श्रद्धालुओं और इलाके के लोगों को बहुत फायदा होगा। इस मौके पर विधायक सरबजीत माणूके ने भी कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अब पंजाब के किसी भी इलाके में कोई भी सड़क टूटी हुई नहीं देख सकते और इसे पूरा करने के लिए जगराओं इलाके का विकास भी दिन-ब-दिन तेज हो रहा है और यह विकास का काम इसी तरह जारी रहेगा। इस मौके पर बाबा कुलवंत सिंह, अजैब सिंह, गुरमीत सिंह, बीबी मनप्रीत कौर और दशमेश पब्लिक स्कूल के टीचरों समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372